प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य में पांचवे और छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख तय कर दी गई है। धनबाद से ढुल्लू महतो और जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो तीस अप्रैल को पर्चा भरेंगे, जबकि हजारीबाग से मनीष जायसवाल एक मई, जबकि कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी तथा रांची के लिए संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। वहीं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए झामुमो की कल्पना सोरेन उनतीस अप्रैल को और कोडरमा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह एक मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

****

जमीन घोटाले के आरोपी और जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की अदालत में 13 दिनों के लिए अंतरिम जमानत देने के लिए याचिका दायर की है। याचिका में श्री सोरेन ने कहा है कि उनके चाचा राजाराम सोरेन का निधन हो गया है, और उनके अंतिम संस्कार और क्रिया–कर्म में वो शामिल होना चाहते हैं। इस याचिका पर आज ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई, जिसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

****

रांची के मांडर थाना क्षेत्र स्थित ब्रांबे वाटर पार्क के निकट आज एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उस पर सवार 15 बच्चे घायल हो गये। एक बच्चे को सिर में गंभीर चोट लगी है, जिसका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस और आम लोगों की मदद से सभी घायल बच्चों को मिशन अस्पताल ले जाया गया, जहाँ सभी के प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

****

धनबाद रेल मंडल द्वारा चलाये गए 36 घंटों के टिकट चेकिंग अभियान के दौरान तीन हजार दो सौ तीन यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया है। इनसे 16 लाख 45 हजार एक सौ साठ रुपए जुर्माने के रूप में वसूले गए। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों के साथ अन्य स्टेशनों से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग की गई।

****

कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दिन होने वाले मतदान को लेकर नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो गई है। उपायुक्त और जिला निर्वाची पदाधिकारी मेघा भारद्वाज ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि छह मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ–साथ पीने का पानी भी उपलब्ध रहेगा।

****

चतरा लोक सभा सीट पर नामांकन के लिए कल अधिसूचना जारी कर दी गई है। पहले ही दिन कल दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

****

जेपीएससी द्वारा आयोजित होने वाली बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सीडीपीओ परीक्षा के लिए अधिकतम आयु की गणना अब एक अगस्त 2019 के आधार पर होगी। अभ्यर्थी उनतीस अप्रैल से बीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

****

मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक हीट वेव चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बादल छाने या मौसम में किसी तरह के बदलाव के संकेत नहीं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि आज से 30 अप्रैल तक राजधानी रांची समेत राज्य भर में हीट वेव चल सकती है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि संताल परगना के इलाके में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। वहीं, कोल्हान में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर है। चाईबासा में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस हो गया है। जबकि पलामू और गढ़वा में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस है।

******समाप्त******